# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 2.2.26 | 1 | 1-6 |

सिटी एंकर

एचएयू का 57वां स्थापना दिवस आज, गिरी सेंटर में क्रिकेट पवेलियन का आज होगा उद्घाटन

# एचएयू ने 608 एमओयू किए, पांच साल में 305 किस्में विकसित कीं

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना 2 फरवरी 1970 को हुई थी। आज विवि का 57वां स्थापना दिवस है। एचएयू ने अन्न, फल, सब्जी, तिलहन व चारा की बीते 5 साल में 305 किस्में विकसित की हैं।



एचएयू गठन से अब तक 608 एमओयू हो चुके हैं। इन किस्मों के कारण प्रदेश का खाद्यात्र उत्पादन प्रदेश के गठन से लेकर अब तक करीब 8 गुणा बढ़ा है। प्रदेश के गठन के समय हरियाणा का खाद्यात्र उत्पादन 26.8 लाख टन था जो अब बढ़कर 221 लाख टन को पार कर चुका है। एचएयू के 7264 एकड़ एरिया में कैंपस व फार्म हैं। एचएयू में बीते एक साल में एग्री टूरिज्म सेंटर, ग्राफ्टिंग यूनिट और दो गर्ल्स हॉस्टल का उद्घाटन हुआ है। वेस्टर्न यूनिवर्सिटी सिडनी ऑस्ट्रेलिया के साथ ड्यूल डिग्री के लिए अंतरराष्ट्रीय एमओयू किया गया। बीते एक साल में गैर सरकारी बीज कंपनियों के साथ 18 नॉन एक्सक्लूसिव लाइसेंस एग्रीमेंट किए गए हैं। एचएयू वैज्ञानिकों ने बीते एक साल में पहली बार कपास में रेस-4 के प्रकोप टेट्राप्लायड की पहचान की है। देश में पहली बार स्ट्राबेरी फल के लिए घातक क्राउन रॉट रोग के एक नए रोग कारक कोलेटोट्रीकम निम्फेई की पहचान की है।

एचएयू के स्थापना दिवस पर मौलिक विज्ञान एवं मानविकी कॉलेज के सभागार में होने वाले कार्यक्रम में एचएयू के वीसी प्रो. बलदेव राज काम्बोज मुख्यातिथि होंगे। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि आईजी ऑडिटोरियम के सामने हवन किया जाएगा। इसके बाद वीसी नेहरू पुस्तकालय में लगाई पुस्तक प्रदर्शनी, गिरि सेंटर स्थित क्रिकेट पवेलियन व फैकल्टी हाउस के कन्वेंशन हॉल का उद्घाटन करेंगे।

## मिले अवॉर्ड, राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया

- एचएयू को जल संरक्षण एवं प्रबंधन के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया।
- क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र बावल रेवाड़ी को मूंगफली में अनुसंधान एवं विकास कार्यों में बेहतर योगदान के लिए सर्वश्रेष्ठ वॉलेंटियर पुरुस्कार मिला। सरसों में अनुसंधान के लिए सर्वश्रेष्ठ केंद्र अवॉर्ड मिला।
- केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क एनआईआरएफ- 2025 की ओवरऑल कैटेगिरी में एचएयू देशभर के 150 सरकारी संस्थानों में से हरियाणा का एकमात्र संस्थान रहा। देशभर के कृषि विवि में पांचवें स्थान पर रहा।

## बीते एक साल में ये किस्में की विकसित, गेहूं की डब्ल्यूएच 1306 और कपास की एच 1530

साल 2025 में एचएयू के वैज्ञानिकों ने गेहूं की डब्ल्यूएच 1306, मक्का संकर एचक्यूपीएम 29, पॉपकॉर्न एचपीसी 4, पूसा एचक्यूपीएम 4 संशोधित, मटर की एचएफपी 1709, ज्वार की सीएसवी 64 एफ और चारा जई की एचएफओ 915, एचएफओ 917, एचएफओ 1014 किस्में शामिल हैं। इसके अलावा गेहूं की डब्ल्यूएच 1309, कपास की एच 1530, गन्ने की सीओएच 188, ज्वार की एचजेएमसी 2011 और एचजे 2153, अश्वगंधा की एचएजी 1 और एचडबल्यू एस 8-18, प्याज की हिसार प्याज 8 किस्में चिह्नित की हैं।

## एचएयू विद्यार्थी सिडनी से ड्यूल डिग्री कर सकते हैं

*एचएयू ने इस साल वेस्टर्न यूनिवर्सिटी सिडनी के साथ एमओयू किया है, यहां के विद्यार्थी सिडनी से ड्यूल डिग्री कर सकते हैं। जल संरक्षण एवं प्रबंधन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से अवॉर्ड भी मिला है। एग्री टूरिज्म सेंटर, ग्राफ्टिंग यूनिट का भी उद्घाटन किया गया है।'' - **प्रो. बीआर काम्बोज,** कुलपति, एचएयू।*

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पंजाब केसरी | 2.2.26 | 1 | 6-8 |

## बजट से कृषि में ऊधमियता को मिलेगा बढ़ावा और कृषि क्षेत्र में रोजगार बढ़ेंगेः प्रो. काम्बोज

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बी.आर. काम्बोज ने सरकार द्वारा पारित किए गए बजट को किसान हितैषी बजट बताया है।



कुलपति प्रो.बी.आर. काम्बोज।

कृषि के लिहाज से केंद्रीय बजट 2025-26 एक सकारात्मक बजट है, जिसमे की किसानों को आर्थिक सहायता में वृद्धि के साथ साथ संरक्षित एवं जैविक खेती बढ़ावा दिया गया है स पशुपालन एवं मत्स्य क्षेत्रों में भी उद्यमशीलता को बढ़ावा दिया गया है। इसके अलावा कृषि आधारित छोटे उद्योगों एवं वैल्यू एडिशन को बढ़ावा देने के बल दिया गया है, जिससे कृषि क्षेत्र में और अधिक रोजगार के अवसर बढ़ेंगे स बागवानी को बढ़ावा देने के लिए खास प्रावधान किए गए हैं। कुल मिलाकर यह बजट किसानों के लिए बहुत ही लाभकारी साबित होगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 2-2-26 | 4 | 1-2 |

## हकृवि में संत रविदास की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित



विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्यातिथि कुलपति प्रो.काम्बोज।

हिसार, 1 फरवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के सभागार में हकृवि एवं सामाजिक समरसता मंच के सौजन्य से संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे जबकि विशिष्ठ अतिथि डॉ. अम्बेडकर सभा, हिसार के प्रधान रघुवीर सुंडा एवं मुख्य वक्ता के तौर पर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, हरियाणा के प्रो. नन्दकिशोर मौजूद रहें। मंच पर कुलसचिव डॉ. पवन कुमार भी उपस्थित रहें। कुलपति प्रो काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज हम सभी एक महान संत, समाज सुधारक और भक्ति आंदोलन के अग्रदूत संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह दिन केवल एक संत की जयंती का नहीं, बल्कि समानता, मानवता, भाईचारे और सामाजिक समरसता के उन महान विचारों को स्मरण करने का दिन है, जिन्हें संत रविदास जी ने अपने जीवन में सिद्ध किया। मंच का संचालन हकृवि के सहायक वैज्ञानिक डॉ. सतपाल ने किया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, सामाजिक समरसता मंच के जिला संयोजक डॉ. राम निवास, सह-संयोजक महेन्द्र सहित कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 2-2-26 | 3 | 3 |

बजट को किसान हितैषी बजट बताया है। कृषि के लिहाज से केंद्रीय बजट 2025-26



एक सकारात्मक बजट है जिसमे की किसानों को आर्थिक सहायता में वृद्धि के साथ साथ संरक्षित एवं जैविक खेती बढ़ावा दिया गया है।

**प्रो. बीआर काम्बोज, कुलपति एचएयू**

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 2-2-26 | | |

## बजट से कृषि में उद्यमिता को मिलेगा बढ़ावा और कृषि क्षेत्र में रोजगार बढ़ेंगे : प्रो. कम्बोज



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने सरकार द्वारा पारित किए गए बजट को किसान हितैषी बजट बताया है। उन्होंने कहा कि कृषि के लिहाज से केंद्रीय बजट 2025-26 एक सकारात्मक बजट है जिसमे की किसानों को आर्थिक सहायता में वृद्धि के साथ साथ संरक्षित एवं जैविक खेती बढ़ावा दिया गया है। पशुपालन एवं मत्स्य क्षेत्रों में भी उद्यमशीलता को बढ़ावा दिया गया है। इसके अलावा कृषि आधारित छोटे उद्योगों एवं वैल्यू एडिशन को बढ़ावा देने के बल दिया गया है जिससे कृषि क्षेत्र में और अधिक रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। बागवानी को बढ़ावा देने के लिए खास प्रावधान किए गए हैं। कुल मिलाकर यह बजट किसानों के लिए बहुत ही लाभकारी साबित होगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 2-2-26 | 3 | 1 |

## कृषि में उद्यमिता को मिलेगा बढ़ावा: वीसी



**हिसार** | एचएयू के वीसी प्रो. बीआर काम्बोज ने सरकार द्वारा पारित किए बजट को किसान हितैषी बजट बताया है। कृषि के लिहाज से केंद्रीय बजट 2025-26 एक सकारात्मक बजट है जिसमें की किसानों को आर्थिक सहायता में वृद्धि के साथ साथ संरक्षित एवं जैविक खेती बढ़ावा दिया गया है। पशुपालन एवं मत्स्य क्षेत्रों में भी उद्यमशीलता को बढ़ावा दिया है। इसके अलावा कृषि आधारित छोटे उद्योगों एवं वैल्यू एडिशन को बढ़ावा देने के बल दिया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 2-2-26 | 5 | 6-8 |

# गुरु रविदास जी के विचार आज भी प्रेरणास्त्रोत : प्रो. काम्बोज

## हकृवि में गुरु रविदास जी के प्रकाशोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित

हिसार, 1 फरवरी (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के सभागार में हकृवि एवं सामाजिक समरसता मंच के सौजन्य से संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे जबकि विशिष्ठ अतिथि डॉ. अम्बेडकर सभा, हिसार के प्रधान रघुवीर सुंडा एवं मुख्य वक्ता के तौर पर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, हरियाणा के प्रो. नन्दकिशोर मौजूद रहें। मंच पर हकृवि के कुलसचिव डॉ पवन कुमार भी उपस्थित रहें।



विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

कुलपति प्रो काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज हम सभी एक महान संत, समाज सुधारक और भक्ति आंदोलन के अग्रदूत संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह दिन केवल एक संत की जयंती का नहीं, बल्कि समानता, मानवता, भाईचारे और सामाजिक समरसता के उन महान विचारों को स्मरण करने का दिन है जिन्हें संत रविदास जी ने अपने जीवन में सिद्ध किया। उन्होंने अपनी वाणी और भक्ति के माध्यम से यह संदेश दिया कि मनुष्य की पहचान उसकी जाति से नहीं बल्कि उसके कर्म, विचार और मानवता से होती है।

संत रविदास के विचार वर्तमान समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके जीवनकाल में थे। मुख्य वक्ता प्रो. नन्दकिशोर ने कहा कि संत रविदास का एक सपना था कि वे एक ऐसा समाज, जहां कोई भेदभाव ना हो, सबको समान अवसर मिले, और हर व्यक्ति को सम्मान के साथ जीने का अधिकार हो। हकृवि के कुलसचिव एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ पवन कुमार ने विचार गोष्ठी में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि संत रविदास की जंयती मानवता, प्रेम व भाईचारे का प्रतीक है। मंच का संचालन हकृवि के सहायक वैज्ञानिक डॉ सतपाल ने किया। सामाजिक विकास मंच के विश्वविद्यालय आयाम प्रमुख डॉ विकास वर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, सामाजिक समरसता मंच के जिला संयोजक डॉ राम निवास, सह-संयोजक महेन्द्र सहित कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहें।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 2-2-26 | 15 | 5 |

## एचएयू के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आज

हिसार। हिसार स्थित हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय 2 फरवरी को अपना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाएगा। विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सभागार में कार्यक्रम होगा, जिसमें कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज मुख्य अतिथि होंगे। विभिन्न परियोजनाओं का होगा उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसका आगाज पूर्व प्रधानमंत्री स्व.चौधरी चरण सिंह, पूर्व उप प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी देवी लाल व प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. मंगल सेन की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण से होगा। इसके पश्चात आईजी ऑडिटोरियम के सामने हवन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके बाद कुलपति नेहरू पुस्तकालय में लगाई गई पुस्तक प्रदर्शनी, गिरि सेंटर स्थित क्रिकेट पवेलियन व फैकल्टी हाऊस के कन्वेंशन हॉल का उद्घाटन करेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 2.2.26 | 5 | 5-5 |

## संत रविदास के विचार रहेंगे प्रेरणास्रोत : प्रो. कांबोज



एचएयू में आयोजित संत रविदास जयंती समारोह में मंचासीन अतिथि। स्रोत : विवि

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) के कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के सभागार में एचएयू एवं सामाजिक समरसता मंच की ओर से संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में विवि के कुलपति प्रो. बलदेव राज कांबोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि संत रविदास के विचार हमेशा प्रेरणास्रोत रहेंगे। डॉ. अंबेडकर सभा के प्रधान रघुवीर सुंडा विशिष्ट अतिथि रहे जबकि केंद्रीय विश्वविद्यालय, हरियाणा के प्रो. नंदकिशोर मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम के संयोजक रहे एचएयू के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। एचएयू के सहायक वैज्ञानिक डॉ. सतपाल ने संचालन किया। सामाजिक विकास मंच के विश्वविद्यालय आयाम प्रमुख डॉ. विकास वर्मा ने आभार जताया। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 01.02.2026 | -- | -- |

# कल मनाया जाएगा हकृवि का स्थापना दिवस

नभ-छोर न्यूज ⏭ 01 फरवरी

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस कल 2 फरवरी को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के सभागार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज मुख्यातिथि होंगे। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसका आगाज पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह, पूर्व उप प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी देवी लाल व प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. मंगल सेन की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण से होगा। इसके पश्चात आईजी ऑडिटोरियम के सामने हवन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके बाद कुलपति नेहरू पुस्तकालय में लगाई गई पुस्तक प्रदर्शनी, गिरि सेंटर स्थित क्रिकेट पवेलियन व फैकल्टी हाऊस के कन्वेंशन हॉल का उद्घाटन करेंगे। पुस्तकाल्याध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार पटेरिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के नेहरू पुस्तकालय में आज से 4 फरवरी को पुस्तक प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें एग्रीकल्चरल साइंसेज, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, एग्री-बिजनेस, एलाइड साइंसेज, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, होम साइंस, फिशरीज व जनरल नॉलेज इत्यादि विषयों की पुस्तकों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस पुस्तक प्रदर्शनी में 8 जाने-माने पब्लिशर्स हिस्सा लेंगे। इस पुस्तक प्रदर्शनी में सामान्य पाठक भी अपने आवश्यकता की पुस्तकें खरीद सकते है।